JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020

E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

आज़ादी का अमृत महोत्सव

2024/09/409–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांकः** 20.09.2024

स्वच्छता ही सेवा–2024 अभियान के तहत जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कर्मचारियों को दिलाई गयी स्वच्छता शपथ।

जयपुर 20 सितम्बर। जयपुर मेट्रो में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 "स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता" थीम के साथ आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री वैभव गालरिया ने बताया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य न केवल शहर को स्वच्छ बनाना है, बल्कि सभी नागरिकों के भीतर स्वच्छता को एक आदत के रूप में स्थापित करना भी है। इस अभियान के तहत जयपुर मेट्रो के मानसरोवर मेट्रो डिपो में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गयी।

इस अभियान के दौरान मेट्रो परिसर में सफाई के साथ–साथ स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर, श्रमदान कार्यक्रम, पौधारोपण, कार्यालयों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट समाप्त करना, जागरूकता संदेशो का प्रचार–प्रसार करने संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो